भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 1823**

जिसका उत्तर 29.07.2021 को दिया जाना है

**भारतमाला परियोजना**

1823. श्री बी. बी. पाटीलः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या क्या देश में भारतमाला परियोजना के तहत वर्ष 2022 तक 35 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के निर्माण/उन्नयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और यदि हां, तो उक्त परियोजना के अंतर्गत शामिल किए जाने के लिए चिह्नित किए गए राजमार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ख) परियोजना के अंतर्गत अब तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया है तथा कितने किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रस्तावित है;

(ग) उक्त प्रयोजन हेतु कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है; और

(घ) क्या उन राज्यों को 'भारतमाला परियोजना' के तहत प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके राष्ट्रीय राजमार्गों का कवरेज जनसंख्या घनत्व की तुलना में राष्ट्रीय औसत से कम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

**(क) से (ग):** भारत सरकार ने 5,35,000 करोड़ रुपये के प्राक्कलित परिव्यय पर करीब 34,800 किमी की कुल लंबाई (राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम खंडों की शेष 10,000 किमी लंबाई सहित) के लगभग 9,000 किमी लंबाई के आर्थिक गलियारों, लगभग 6,000 किमी लंबाई के अंतर गलियारों और फीडर सड़कों, लगभग 5,000 किमी लंबाई के राष्ट्रीय गलियारा दक्षता सुधार, लगभग 2,000 किमी लंबाई के सीमावर्ती और अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता सड़कों, लगभग 2,000 किमी लंबाई के तटीय और पत्तन संपर्कता सड़कों और लगभग 800 किमी लंबाई के एक्सप्रेसवे के विकास के लिए भारतमाला परियोजना के चरण-I को अक्तूबर, 2017 में अनुमोदित किया है। इनमें से 4,74,400 करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ 17,569 किमी लंबाई की परियोजनाओं को सौंप दिया गया है। भारतमाला परियोजना के चरण-I के संपूर्ण कार्य को वर्ष 2023 तक सौंपने और वर्ष 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 5,984 किमी लंबाई निर्मित की जा चुकी है।

**(घ):** भारतमाला परियोजना की परिकल्पना माल यातायात आवाजाही के मूल गंतव्य अध्ययन के आधार पर की गई है और इसमें देश के 550 जिलों को संपर्कता उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है।

*****